वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के लिए टंकियों में छोड़ा गया आईसेनिया पटेरिया केंचुआ, नेहरू नगर जोन के नवीन वर्मी कंपोस्ट शेड में आज से कंपोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ

भिलाई नगर/ छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नरवा , गरवा, घुरवा, बारी एवं गोधन न्याय योजना के अंतर्गत नगर निगम के शहरी गौठान और एसएलआरएम सेंटर के समीप में बनाए गए वर्मी कम्पोस्ट टंकियों में केचुओं को डालकर कंपोस्ट बनाने की प्रकिया शुरू कर दी गई है। निगम ने शहरी गौठान कोसानगर की 10 टंकियों में गोबर और ऑस्ट्रेलिया नस्ल की आईसेनिया पटेरिया केंचुआ डाल कर कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है यहां पर 50 कंपोस्ट की टंकी तैयार की जानी है जिसमें से 30 टंकी निर्मित हो चुकी है शेष प्रगति पर है। महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव तथा आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी के निर्देशन पर वर्मी कंपोस्ट शेड बनाने का कार्य जोन क्षेत्रों में तेजी से चल रहा है! टंकियों में केंचुआ डालकर जूट के बारदाने से ढकने का कार्य किया जाएगा! सभी जोन क्षेत्र में गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी केंद्र बनाई जा चुकी है एवं वर्मी कंपोस्ट शेड बनाने का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है! शासन प्रशासन के निर्देशानुसार केवल पंजीकृत हितग्राहियों से ही गोबर खरीदी की जा रही है! पशुपालकों की सुविधा के लिए पृथक से पंजीयन कक्ष भी तैयार किया गया है! जहां कोई भी पशुपालक पंजीयन फार्म के साथ मतदाता परिचय पत्र , आधार कार्ड, बैंक पासबुक और राशन कार्ड की फोटो कॉपी जमा कर पंजीयन करवा सकते हैं तथा गोधन न्याय योजना से जुड़कर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं! जोन क्रमांक 2 में बोगदा पुल स्थित जामुल ट्रेंचिंग ग्राउंड में 7 टंकियां तैयार हो चुकी है अन्य 13 टंकी बनाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है यहां कुल 20 टंकियां बनाई जाएगी! जोन क्रमांक 3 के बैकुंठ धाम स्थित एसएलआरएम सेंटर में 10 टंकियां बनाई गई है, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा ने बताया कि जल्द ही यहां वर्मी कंपोस्ट बनाने का कार्य प्रारंभ किया जाएगा! जोन-4 शिवाजी नगर के एसएलआरएम सेंटर के समीप बनाए गए वर्मी कंपोस्ट शेड में केंचुआ छोड़कर कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है यहां कुल 22 टंकी तैयार की गई है।